हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 16 नवंबर 2025

09 विद्यार्थियों की चित्रकारी आर्ट गैलेरी में पेश



10 महिलाओं में खून की कमी, हर 10 में से 6 महिलाएं...





विवाह सीजन को देखते हुए मैरिज गार्डन, डीजे संचालकों और आयोजकों के लिए निर्देश जारी

## बिना फायर सेफ्टी के गार्डनों में जुटेंगे हजारों लोग, सीसीटीवी कैमरे हैं न पार्किंग व्यवस्था

***करीब पांच माह पहले नपा ने नियम विरुद्ध संचालित मैरिज गार्डनों पर कार्रवाई की थी। इसमें 7 मैरिज गार्डनों को सील किया गया था। बावजूद इसके न तो मैरिज गार्डन संचालकों ने नगरपालिका से लाइसेंस लिए और न ही फायर सेफ्टी की। अब इन मैरिज गार्डनों में हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे।***


सील किए गए मैरिज गार्डनों को शादी सीजन में खोलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विवाह समारोहों को देखते हुए पुलिस ने जिलेभर में सुरक्षा, ट्रैफिक, ध्वनि नियंत्रण को लेकर एडवाइजरी जारी की है। इसमें मैरिज गार्डन संचालकों, डीजे संचालकों, आयोजनकर्ताओं से नियमों का पालन करने कहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नपा के रिकार्ड में करीब 90 मैरिज गार्डन हैं। जिनमें से ज्यादातर ने नगरपालिका से लाइसेंस नहीं लिया है और नियम विरुद्ध मैरिज गार्डन संचालित कर रहे हैं। नगरपालिका पहले ऐसे 7 मैरिज गार्डन को सील भी कर चुकी है, लेकिन सीजन आते ही इन्हे फिर से खोलने की जुगत लगाई जा रही है।

### सड़क पर वाहनों का जमावड़ा लगने पर गार्डन संचालक पर होगी कार्रवाई

शादियों के मुहूर्त शुरू हो गए हैं। बारात निकलने के दौरान जाम की स्थिति बन जाती है। पुलिस ने निर्देश जारी किए हैं कि बारात निकलने के दौरान यातायात बाधित न हो। विवाह स्थिल पर पार्किंग की व्यवस्था होने चाहिए। यदि वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनती है तो गार्डन संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं निकासी की व्यवस्था भी अलग होना चाहिए। गार्डनों के आसपास रोशनी की व्यवस्था होना चाहिए। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि सड़कों पर वाहनों का जमावड़ा लगा और अवैध तरीके से सड़कों पर वाहनों की पार्किंग कराई गई तो संबंधित गार्डन संचालक पर कठोर कार्रवाई भी पुलिस द्वारा की जा सकती है।



गार्डन संचालक को सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए



पुलिस ने निर्देश दिए हैं कि सभी मैरिज गार्डनों में फायर सेफ्टी उपकरण, इमरजेंसी एग्जिट और फर्स्ट-एड सुविधा उपलब्ध हो। आयोजक कार्यक्रम का समय, अनुमानित भीड़ और विशेष व्यवस्थाओं की जानकारी समय रहते स्थानीय थाने को दें। विवाह स्थल पर प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड व व्यवस्था कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सभी निर्देश सामाजिक सुरक्षा, शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए हैं। सहयोग न करने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

- शराब या नशीले पदार्थों के सेवन से उत्पन्न अव्यवस्था पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।
- आतिशबाजी का उपयोग नियंत्रित और सुरक्षित दूरी से किया जाए।



- कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जाएगी।

### कैमरों के फुटेज 30 दिनों तक सुरक्षित रखे जाएं



सभी मैरिज गार्डनों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। कैमरे 24×7 रिकॉर्डिंग मोड में संचालित हों तथा फुटेज 30 दिनों तक सुरक्षित रखा जाए। मेहमानों के कीमती सामान हेतु सुरक्षित काउंटर, सेफ-जोन की व्यवस्था उपलब्ध हो। गार्डन, कैटरिंग और इवेंट स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराया जाए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या नजदीकी थाने को दें। ध्वनि नियंत्रण पर भी पुलिस की सख्ती रहेगी। पुलिस ने निर्देश दिए हैं कि डीजे एवं साउंड सिस्टम निर्धारित ध्वनि सीमा में ही चलाए जाएं। रात्रि 10 बजे के बाद तेज आवाज वाले डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। डीजे की ध्वनि नियंत्रण की जिम्मेदारी मैरिज गार्डन संचालक की होगी।

### नगरपालिका से लाइसेंस लेना जरूरी

मैरिज गार्डन के लिए नगर पालिका से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। नियमानुसार गार्डन में पर्याप्त पार्किंग, अग्निशमन यंत्र, सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मचारी और शौचालय होने चाहिए। साथ ही स्कूल, कॉलेज या अस्पताल से 1000 मीटर की दूरी अनिवार्य है। गार्डन के कुल क्षेत्रफल का 25 प्रतिशत पार्किंग के लिए आरक्षित होना चाहिए।

### मैरिज गार्डन में छह गार्ड अनिवार्य

नियमों के मुताबिक 5 हजार वर्गमीटर के गार्डन में 8 गार्ड और 2500-5000 वर्गमीटर के गार्डन में 6 गार्ड अनिवार्य हैं। लेकिन विदिशा का कोई भी गार्डन इन मानकों पर खरा नहीं उतरता। गार्डन संचालक शादी समारोह के नाम पर मोटी रकम तो वसूलते हैं, लेकिन सुविधाएं नहीं देते। आयोजकों को भी सुविधाओं की पुष्टी करनी चाहिए।

### जांच कराई जाएगी

नगरपालिका की सख्ती के बाद 12 मैरिज गार्डन संचालकों ने नपा से अनुमति ली है। कुछ मैरिज गार्डन संचालकों ने फायर सिफ्टी ऑडिट भी कराया है। मैरिज गार्डनों की जांच कराई जाएगी और बिना अनुमति और नियम विरुद्ध संचालित होते पाए जाने पर सख्त कर्रवाई की जाएगी।

**दुर्गेश सिंह ठाकुर, सीएमओ नगरपालिका विदिशा**

## खबर संक्षेप

### ओलंपस हाई खेल उत्सव में एकम और वेदांशी सम्मानित



**विदिशा।** ओलंपस हाई में आयोजित चैम्पियंस लीग खेल उत्सव के दूसरे दिन कक्षा 4 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने दौड़, स्केटिंग, फुटबॉल, खो-खो और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन ने बच्चों को खेलों के महत्व और अनुशासन का संदेश दिया। राष्ट्रीय स्तर पर स्विमिंग चयन के लिए एकम सिंह अदक और राज्य स्तरीय स्विमिंग में सहभागिता के लिए वेदांशी शर्मा को बेस्ट स्पोर्ट्स पर्सन सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी, अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी और प्रचार्य प्रियंका सिंह उपस्थित रहीं। समारोह का समापन रविवार को होगा।

### प्रतियोगिता में दिखाया खिलाड़ियों ने दम

**कुरवाई।** मेरा युवा भारत विदिशा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित विकास खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन सीहोरा मंडी बामोरा किया गया। जिसमें बालक वर्ग की कबड्डी,बालिका वर्ग में खो खो,100 मीटर दौड़ और गोला फेंक बालक और बालिका वर्ग में आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 160 खिलाड़ियों ने सहभागिता की,बालक कबड्डी में केबीके फाउंडेशन विजेता रही उपविजेता सरस्वती शिशु मंदिर मंडी बामोरा रही। बालिका खो खो में भी केबीके फाउंडेशन विजेता और उपविजेता सरस्वती शिशु मंदिर मंडी बामोरा रही। 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में वैष्णवी पटवा प्रथम,खुशी कुशवाह द्वितीय,तृतीय स्थान पर एंजिल साहू रही बालक 100 मीटर दौड़ में देवांश शर्मा प्रथम,बबलू खान द्वितीय,और तृतीय स्थान पर पुष्पेंद्र पटवा रहे।

### गर्ल्स कॉलेज में आयोजित हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निबंध, भाषण, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व, संघर्ष और बलिदान को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. बी. डी. अहिरवार ने कहा कि राष्ट्र के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले व्यक्ति इतिहास में अमर हो जाते हैं और बिरसा मुंडा इसका जीवंत उदाहरण हैं। प्रो. रवि रंजन ने उनके असाधारण साहस और सीमित संसाधनों में भी न्याय के लिए संघर्ष को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का संचालन अस्मुरारी नंदन मिश्र ने किया।

## अशोकनगर के चोर ने दिया था 2 चोरी की वारदाताओं को अंजाम, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली पुलिस ने स्वर्णकार कॉलोनी और बसस्टैंड क्षेत्र में हुई 2 चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आदतन चोर को गिरफ्तार किया है।

चोर से कुल 1 लाख मूल्य का मशरूका बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार 25 और 31 अक्टूबर को दोनों स्थानों पर हुई चोरी की घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान हुई। गिरफ्तार आरोपी विकास माली 32 वर्ष निवासी नहर कॉलोनी बसस्टैंड अशोकनगर को गिरफ्तार किया गया। इस चोर पर पूर्व में भी बीना और अशोकनगर में कई प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से सिगरेट, गुटखा और 6 हजार रुपए नगद सहित कुल 1 लाख का माल बरामद किया है।



## दो साल से लापता नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो वर्ष से लापता 15 वर्षीय नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

11 मई 2023 को बालिका के अपहरण की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस टीम लगातार तलाश में जुटी रही। 14 नवंबर को बालिका को आनंदपुर क्षेत्र से पुलिस नाबालिग को खोजकर लाई।

दूसरे मामले में सिविल लाइन पुलिस ने 15 वर्षीय नाबालिग बालक को बरामद कर परिजनों को सौंपा। 13 नवंबर को पुलिस ने मामला दर्ज किया। अपहरण की सूचना पर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया। तकनीकी व मैदानी खोजबीन में 15 नवंबर को बालक रामद्वारा क्षेत्र में मिला।

### वर्ल्ड वे स्कूल में बाल मेले में बच्चों ने बेचे व्यंजन

**गुलाबगंज।** वर्ल्ड वे सीनियर सेकंडरी स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर आयोजित बाल मेले में बच्चों के रंग-बिरंगे उत्साह की धूम देखने को मिली। मेले का शुभारंभ संजय शर्मा, अंकुर दांगी, सचिन यादव, पीयूष शर्मा, ओमप्रकाश घावरी और रूपेश कुशवाह ने फीता काटकर किया। विद्यार्थियों द्वारा सजाए गए आकर्षक स्टॉल्स और स्वादिष्ट व्यंजनों ने मेहमानों को खूब मोहित किया। भारतीय पकवानों के साथ-साथ चायनीज और पिज़्ज़ा जैसे व्यंजनों की खुशबू ने मेले में चार चांद लगा दिए। बच्चों के लिए मनोरंजक खेलों ने चाचा नेहरू के सपनों को जीवंत किया। कार्यक्रम में गुलाबगंज सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल डायरेक्टर दानिश जाफ़री और प्रिंसिपल अजय कुमार दास ने सभी का आभार माना।

## नटेरन में मोटरें जब्त करने से ग्रामीणों में पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭नटेरन

करोड़ों रुपए की हर घर नल से जल योजना नटेरन में फेल होती दिख रही है। हिनौतिया सगड़ पेयजल परियोजना से पानी सप्लाई होने के बावजूद पांच साल बाद भी सभी घरों तक नियमित जलापूर्ति नहीं हो सकी है।

कई वार्डों में दो दिन में सिर्फ एक दिन पानी आता है, जबकि आधे क्षेत्र में पंचायत पर निर्भरता बनी रहती है। मोटर खराब हो जाए तो महीनों तक सुधरवाने की व्यवस्था नहीं होती। ग्रामीणों का आरोप है कि जगह-जगह वॉल लीक होने से सड़कें कीचड़ में तब्दील हो गई हैं और ऊपरी हिस्सों के नलों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता। शिकायतों के निराकरण के बजाय जल जीवन मिशन टीम ने ग्रामीणों की निजी मोटरें उठाकर ले गए। जिससे लोगों में गहरा आक्रोश है।

ग्रामीण रघुवीर सिंह और खुमान सिंह रघुवंशी ने बताया कि न मोटर बंद करने की कोई जानकारी दी गई, न ही नोटिस। बसस्टैंड स्थित मंदिर के पास एक महीने से वॉल लीक होने के बाद भी सुधार नहीं हुआ। हालात यह हैं कि जनपद कार्यालय के नल तक लीक हो रहे हैं, जिससे पूरे तंत्र की बदहाली उजागर होती है।

### रविदास वंशीय समाज का परिचय सम्मेलन आज

**विदिशा।** शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ विदिशा के तत्वावधान में रविवार को युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं समाजजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम रवींद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन, जालोरी गार्डन के सामने सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन में देशभर से विधायक, पूर्व मंत्री एवं समाजसेवी शामिल होंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय, छात्रों एवं समाजसेवियों का सम्मान तथा समाज में आपसी सहयोग और एकता को बढ़ावा देना है। जिले व आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

### धामनोद में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**हैदरगढ़।** धामनोद में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे। ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने रस्सा कसी, कबड्डी, खो-खो, दौड़ व अन्य पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। रस्साकसी में धामनोद टीम विजेता रही। समापन पर अतिथियों ने विजेता-उपविजेताओं को ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। महोत्सव ने युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाया।

### अस्पताल में नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह शुरू

**विदिशा।** जिला चिकित्सालय में शनिवार से नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह शुरू हुआ। 21 नवंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में माताओं को नवजात की देखभाल, संक्रमण से बचाव, समय पर स्तनपान व टीकाकरण के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस वर्ष की थीम 'हर स्पर्श, हर बार, हर बच्चे' रखी गई है।

## कांग्रेस ने बीएलए को दिया विशेष प्रशिक्षण, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आगामी चुनावों की तैयारी को गति देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी, विदिशा द्वारा शनिवार को बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रशिक्षण प्रभारी राहुल राज ने की।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को चरणबद्ध तरीके से बी.एल.ए. की जिम्मेदारियों, मतदाता सूची विश्लेषण, दावा-आपत्ति, फॉर्म-6, 7, 8, 8ए की प्रक्रियाओं एवं मतदान दिवस के प्रबंधन संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा, बीएलए बूथ पर कांग्रेस की आँख और कान हैं। बूथ मजबूत होगा तो विधानसभा मजबूत होगी।




**विदिशा।** विदिशा विधानसभा क्षेत्र के बीएलए के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, विधानसभा प्रशिक्षण प्रभारी विष्णु विश्वकर्मा, अनुमा आचार्य, अंकुर गुप्ता, वरिष्ठ नेता सुनील दांगी एवं गोविंद राजपूत उपस्थित रहे। पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षित और सक्रिय बीएलए चुनाव परिणामों को निर्णायक रूप से प्रभावित करते हैं तथा कांग्रेस बूथस्तर के हर कार्यकर्ता के साथ मजबूती से खड़ी है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आगामी चुनावों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बूथ संगठन पार्टी की प्राथमिक शक्ति है और बीएलए को नियमों व प्रक्रियाओं की पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है। प्रशिक्षण प्रभारी विष्णु विश्वकर्मा ने डिजिटल प्रक्रियाओं की समझ को बीएलए की अनिवार्य आवश्यकता बताया।

### भगवान बिरसा मुंडा जन्म शताब्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज. देवखजूरी** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शनिवार को ग्राम देवखजूरी के पंचायत भवन में भगवान बिरसा मुंडा की जन्म शताब्दी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के मुख्य कार्यपालक निदेशक बकुल लाड़, जिला समन्वयक पूजा बंधैया तथा समाजसेवी राजाराम लोधी उपस्थित रहे। नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स, प्रस्फुटन समिति सदस्यों व ग्रामीणों की भागीदारी रही। निदेशक लाड़ ने समाज जोड़ने, वीरों की गाथाओं के प्रसार और सामुदायिक विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत शर्मा ने किया और आभार मनोज चतुर्वेदी ने व्यक्त किया।

## राज्य स्तरीय फिंगर प्रिंट कार्यशाला में विदिशा पुलिस प्रदेश में प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा पुलिस ने राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो श्रेणियों में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो द्वारा की गई, जिसमें प्रदेशभर के फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ शामिल हुए।

विदिशा पुलिस ने नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आईडेंटिफिकेशन सिस्टम के माध्यम से सर्वाधिक ट्रेस प्रकरण निकालने में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रिपीड वैरिफिकेशन क्यूरी के माध्यम से अधिकतम मामलों की त्वरित ट्रेसिंग कर भी पहला स्थान हासिल किया। इन उपलब्धियों के लिए निरीक्षक योगेंद्र साहू को विशेष प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा उन्नत फिंगरप्रिंट तकनीक के उपयोग, अपराधियों की त्वरित पहचान और आधुनिक उपकरणों की प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया गया। केंद्रीय अंगुलचिन्ह ब्यूरो तथा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के विशेषज्ञों ने नवीनतम तकनीकी पहलुओं पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया।



प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रकृति सावला ने मारी बाजी

## टेनिस टूर्नामेंट में योगेंद्र राणा व शांतनु खत्री चमके

जूनियर डबल्स वर्ग में प्रकृति सावला व अमृतांश चौबे की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में आयोजित विदिशा ओपन टेनिस टूर्नामेंट में जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। सुबह से शुरू हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल, तीव्रता और खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। सीनियर सिंगल्स श्रेणी में शांतनु खत्री ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। डॉ. ऐश्वर्या मोदी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया, जबकि योगेंद्र सिंह राणा तीसरे स्थान पर रहे और ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित हुए।

डबल्स वर्ग में योगेंद्र राणा और शांतनु खत्री की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल के साथ स्वर्ण पदक जीता। वैभव–तरुण की जोड़ी ने रजत और युग–चैतन्य की जोड़ी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। जूनियर सिंगल्स में प्रकृति सावला ने प्रभावी खेल के दम पर गोल्ड मेडल हासिल किया। शनय शाह ने सिल्वर और प्रमित राठी ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। जूनियर डबल्स वर्ग में प्राकृत सावला और अमृतांश चौबे की जोड़ी ने शानदार समन्वय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

वीर सावला और शनय शाह की जोड़ी को रजत पदक मिला। विद्यालय प्राचार्य एवं आयोजन समिति ने सभी विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और खेल कौशल को नई दिशा देते हैं। उन्होंने भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे टूर्नामेंट आयोजित करने की बात कही।




**विदिशा।** विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

**खबर संक्षेप**

## आफको ने जीता लीजेंट क्रिकेट टूर्नामेंट



**गंजबासौदा।** नगर में गत 26 अक्टूबर से चल रहे 40 वर्ष से अधिक उम्र के क्रिकेट खिलाड़ियों के लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को समापन हो गया। पूर्व क्रिकेटर एवं बीआरसी कपिल तिवारी की स्मृति में आयोजित इस टूर्नामेंट का फायनल मुकाबला आफको रियल स्टेट और श्री खेडापति इलेवन के बीच हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में आफको की टीम ने फायनल मैच जीत लिया। मैच के बाद अतिथियों द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर बडी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**गंजबासौदा।** डाउन लाइन पर किसी ट्रेन की चपेट में आने से करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई। जीआरपी ने शव बरामद कर उसे परीक्षण के लिए पहुंचाया और मर्ग कायम कर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### शिव ज्ञान, तंत्र, मंत्र, योग और विज्ञान, सभी के आदिगुरु हैं: पं. केशव गुरु

# शिवतत्व के मंत्र, गन्ना रस व फलों के रस से हुआ महाअभिषेक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम के विजय हनुमान मंदिर पर चल रहे 11 दिवसीय महारुद्र के दिव्य अनुष्ठान के आठवें दिवस शुक्रवार को एकादशी के पावन अवसर पर भगवान शिव का भव्य अभिषेक 151 किलो गन्ने के रस एवं 21 किलो फलों के रस के साथ-साथ 5000 गुलाब पुष्पों से अनुष्ठानिक विधि-विधान के साथ पुष्पार्चन संपन्न हुआ। अभिषेक के दौरान वेद मंत्रों की ध्वनि से पूरा परिसर शिवमय हो उठा और बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर इस अनुष्ठान का लाभ लिया।

मालूम हो कि वेत्रवती घाट पर नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज के सानिध्य में इन दिनों प्रतिदिन नर्मदेश्वर महादेव का अद्वितीय अनुष्ठान वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा संपन्न हो रहा है। शुक्रवार को महंत जी के साथ अभिषेक के यजमान समाजसेवी नगेन्द्र उपाध्याय, नितिन सक्सेना, शैलेंद्र रघुवंशी, अवधेश रघुवंशी , मोहर सिंह रघुवंशी, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, सुनील कुमार शर्मा इत्यादि श्रद्धालुजन ने महाराजश्री के साथ भक्ति भाव से पूरे अनुष्ठान में सहभागिता की। इस अवसर पर आचार्य पंडित केशव गुरु ने शिव पुराण के महत्व और मंत्र-तंत्र के रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव तंत्र, मंत्र, यंत्र, ध्वनि विज्ञान और समस्त सर्व-विज्ञान के आदि स्रोत हैं। ब्रह्मांड की दिव्य रचना शिव पार्वती संवाद से ही प्रकट हुई है। मंत्र और यंत्र ये दोनों ही शब्द और रेखा विज्ञान के अद्भुत स्वरूप हैं, जो आज भी आधुनिक वैज्ञानिक सोच की सीमा से परे हैं। उन्होंने बताया कि माता पार्वती को ज्ञात था कि कलयुग में वेदों का शुद्ध उच्चारण कठिन होगा, इसलिए उन्होंने महादेव से ऐसी सरल विधाओं का निर्माण करने का आग्रह किया जो साधारण जन के लिए भी सहज और फलदायी हों। शुक्रवार को अनुष्ठान के दौरान नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष कांति भाई शाह, रामायण मंडल ट्रस्ट अध्यक्ष एड मदन तिवारी, समाजसेवी शंभूदयाल शर्मा, संतोष शर्मा, रामकिशोर शर्मा, गिरिजेश मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आकर सहभागिता की। अनुष्ठान के मूल में जनकल्याण और भव्य शिवालय का संकल्प नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहे भगवान नर्मदेश्वर महादेव के इस दिव्य अनुष्ठान यज्ञ के मूल में केवल पूजन-विधि नहीं, बल्कि जनकल्याण एवं क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा, शांति, उन्नति के साथ-साथ घाट पर एक भव्य शिवालय का पवित्र संकल्प शामिल है। जिसकी आधारशिला के लिए विशेष महा अनुष्ठान में नियमित 11 रुद्री पाठ और प्रदोष कालीन अभिषेक के साथ प्रतिदिन 11 ब्राह्मणों द्वारा 11 रुद्री पाठ संपन्न हो रहे हैं। संध्या काल में प्रदोष समय में एक विशेष अभिषेक भी किया जाता है, जिसे 11 रुद्री पाठों का तर्पण माना गया है। अनुष्ठान के साथ-साथ अयोध्या, प्रयागराज के ब्राह्मणों द्वारा सवा लाख कनकधारा स्त्रोत का पाठ भी किया जा रहा है।

## एसआईआर को लेकर बीएलए 2 का प्रशिक्षण शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा द्वारा गंज बासौदा विधानसभा के समस्त ब्लाकों का SIR को लेकर बीएलए -2 का प्रशिक्षण शिविर घटेरा वाली धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें विदिशा जिले के संगठन प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला प्रशिक्षक राहुल राज, अनुमा आचार्य, पूर्व विधायक निशंक जैन, SIR प्रभारी अंकुर गुप्ता सहित समस्त बीएलए, ब्लॉक अध्यक्षगण उपस्थित थे। इस दौरान शासकीय बीएलओ द्वारा भी प्रशिक्षण दिया गया।

### श्री रामकथा के लिए जनसंपर्क कर लोगों से धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया



**गंज बासौदा।** बरींघाट रोड स्थित श्री धाम बासौदा दरबार रामदेव मंदिर पर आगामी 25 नवंबर से आयोजित श्रीराम कथा के लिए श्री रामदेव मंदिर से एक जन संपर्क किया गया। जो राजेंद्र नगर से होकर गांधी चौक से निकलकर मुख्य मार्ग जय स्तंभ से स्टेशन मिल रोड त्योंदा रोड से होकर बरेठ रोड विश्वकर्मा पर समापन हुआ। इस जनसंपर्क में मंदिर में पधारे सभी भक्तगणों के साथ मंदिर संस्थापक और मुख्य आयोजक हरिनारायण पाठक भी साथ थे। यह जनसंपर्क पैदल यात्रा के रूप में किया गया। जगह जगह जन समुदाय ने स्वागत किया।, रोड के दोनों ओर पेंपलेट देकर पधारने का निवेदन किया गया। कथा के लिए लगातार मंदिर के भक्त गण वार्ड वार्ड प्रचार कर रहे हैं। इस यात्रा में कई संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं।

## बाल दिवस पर स्कूली बच्चों ने 1 करोड़ 11 लाख राम नाम लिखने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


बाल दिवस का अवसर हो और वातावरण में बालपन की चंचलता के साथ भक्ति की सुवास घुल जाए, अमूमन ऐसा दृश्य कम ही देखने को मिलता है। लेकिन इस वर्ष का बाल दिवस भक्ति, अनुशासन और संस्कारों के उत्सव की विशेष आभा से उस समय जगमगा उठा, जब नगर की श्रीराम नाम बैंक की गंज शाखा ने बच्चों के लिए एक ऐसी आध्यात्मिक पहल की, जिसने बाल दिवस को स्मरणीय और प्रेरक बना बनाते हुए कोमल मन को सनातनी संस्कारों से जोड़ दिया। संतों की मौजूदगी में बाल दिवस पर श्री राम नाम लिखने वाली 1100 छोटी पुस्तिकाओं का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों के बीच इन पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम में राम नाम की महिमा सुनकर बच्चों ने होमवर्क के साथ-साथ इन पुस्तिकाओं में रोज एक पेज राम नाम लिखने का संकल्प लिया। अब इन पुस्तिकाओं में बच्चों द्वारा एक करोड़ 10 लाख राम नाम लिखकर श्रीराम नाम बैंक में जमा किया जाएगा। उल्लेखनीय कि अयोध्या की राम नाम बैंक से प्रेरणा लेकर करीब 20 वर्ष पूर्व नगर में प्रारंभ हुई श्री राम नाम बैंक 20 हजार खातेधारी भक्तों के सहयोग से अब तक करीब 2 अरब राम नाम लिखी पुस्तकें अयोध्या में जमा कर चुकी है। बैंक द्वारा अब 5 अरब राम नाम के पवित्र संकल्प को पूरा करने के लिए इसी कड़ी में स्कूली बच्चों को भी सनातनी परंपराओं से जोड़ते हुए इस अभियान से जोड़ा गया है जिसकी शुरुआत बाल दिवस पर



आयोजित बाल मेले से की गई। स्कूली बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार कराईं गईं राम नाम पुस्तिकाओं का विमोचन बैंक की गंज शाखा में हुआ जहाँ आयोजित कार्यक्रम में गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी जी महाराज ने बच्चों को राम नाम की आध्यात्मिक ऊर्जा से होने वाले फायदे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मोबाइल मन बहकाता है, वहीं राम नाम, मन को स्थिर करता है। राम नाम ऐसा शब्द है, जो असंभव को भी संभव बना देता है।

त्यागी महाराज के आशीष वचनों से प्रेरित होकर स्कूली बच्चों ने संकल्प लिया कि वह होमवर्क के साथ-साथ रोज एक पेज राम नाम लिखेंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सृष्टि सेवा समिति के अध्यक्ष रूपेश लाड, समाज सेवी सुनील पिंगले, नेहा रघुवंशी, बैंक के संस्थापक रघुनाथ सिंह रघुवंशी सहित सनातन प्रेमी मौजूद थे। कार्यक्रम में मौजूद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस ईकाई के बच्चों से राम, रामायण और श्रीराम के आदर्शों पर प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले स्कूली बच्चों को सम्मान पूर्वक पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके बाद बच्चों को श्री राम नाम बैंक गंज का अवलोकन कराया गया। जहाँ बैंक में भक्तों द्वारा जमा की गईं 30 करोड़ से अधिक राम नाम लिखी पुस्तिकाओं का अनुपम भंडार देखकर बच्चे काफी अभिभूत हुए। राम नाम बैंक के संचालक गिर्राज रघुवंशी ने बताया कि विमोचित हुई पुस्तकों में नगर के स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राएँ मिलकर एक करोड़ 11 लाख राम नाम लिखेंगे। इस संकल्प से बच्चों में विकसित होने वाली आध्यात्मिक ऊर्जा से एकाग्रता सामूहिकता, अनुशासन और आध्यात्मिकता का समन्वय विकसित होगा।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर मनाए जा रहे पखवाड़े का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के 150 जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम के अवसर पर शनिवार को महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता एवं संगीत व शास्त्रीय नृत्य का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ सुमन लता गुप्ता, डॉ बीके प्रजापति, डॉ कंचन वैद्य, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी घनश्याम चौकसे, मनीष दुबे, सौरभ विश्वकर्मा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम घनश्याम चौकसे ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और मानव समाज के लिए उनके योगदान से अवगत कराया। डॉ. बीके प्रजापति ने जनजातीय गौरव दिवस के महत्व को रेखांकित किया। प्रशानिक अधिकारी डॉ सुमन लता गुप्ता ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और कार्यों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने जनजातीय गौरव को देश के गौरव से जोड़ा। इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत 'जनजातीय गौरव को स्थापित करने में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान' विषय पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इसी श्रृंखला में जनजातीय गौरव को केंद्रित करते हुए संगीत और नृत्य का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि भगवान बिरसा मुंडा के 150 जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 1 नवंबर से 15 नवंबर के मध्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें निबंध प्रतियोगिता, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, चित्रकला प्रतियोगिता और क्विज का आयोजन किया गया। समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम चौकसे द्वारा किया गया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा बैगा आदिवासी महिला लहरी बाई के संघर्ष के जीवन चरित्र को प्रदर्शित किया गया। इसी नाटक के माध्यम से बीजों की संग्रहण के बारे में आदिवासी महिला लहरी बाई के योगदान के बारे में बताया गया तथा समाज में उनके योगदान के बारे में बताया गया। इस नाटक की प्रस्तुति सहायक प्राध्यापक डॉ शिवानी गौर के मार्गदर्शन में दी गई ।

## स्वयंसेवकों ने निकाली ग्राम गंज में मतदाता जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और गंजबासौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के साथ दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर ग्राम गंज में आयोजित किया जा रहा है। स्वयंसेवकों द्वारा प्रातः काल प्रभात फेरी निकालकर जागरण किया गया तथा हार्टफुलनेस संस्था से आए अतीश साहू, मनीष अहिरवार द्वारा योग एवं ध्यान कराया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में मतदाता जागरूकता हेतु रैली निकाली गई। इसी के साथ-साथ राम नाम बैंक के उद्घाटन में स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं उनके द्वारा की गई प्रश्नोत्तरी में स्थान प्राप्त करने वाले स्वयंसेवकों को महंत त्यागी जी महाराज द्वारा सम्मानित किया गया। इस बीच राम नाम बैंक के संचालक गिरिराज रघुवंशी, रघुवीर सिंह रघुवंशी रहे।

कार्यक्रम में बौद्धिक सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में पधारी नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा भी अति आवश्यक है। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा बताया गया कि जीवन में अनुशासन अति महत्वपूर्ण है। सृष्टि सेवा समिति के संचालक रुपेश लाड ने कहा कि प्लास्टिक और पॉलिथीन के हमारे जीवन में कितने दुष्परिणाम हैं। आर्य समाज संस्था द्वारा पधारे सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव द्वारा स्वयंसेवकों को सनातन धर्म के प्रति महत्वपूर्ण बातें कही। बौद्धिक सत्र के पश्चात स्वयंसेवको ने ग्रामीण परिवेश में जाकर रैली के माध्यम से जागरूकता फैलाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मोबाइल के दुष्परिणाम पर लघु नाटक भारती और उनके समूह द्वारा किया गया। रागिनी सेन और उनके समूह के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर पर नृत्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु. पिंकी कुशवाह द्वारा किया गया। शिविर का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ओझा एवं बालिका कार्यक्रम अधिकारी भारती पंथी द्वारा किया जा रहा है। ग्रुप लीडर गौतम अहिरवार, शिव मीणा, कनिष्क पटवा, अमन यादव एवं कैंप कैंप कमांडर यश पाल रहे। कार्यक्रम में सचिन अहिरवार, साहिल यादव, अमित विश्वकर्मा, गौरव शर्मा, हरिओम विश्वकर्मा, मोनू, कु. आयुषी दांगी, कु.संजना मालवीय, कु. रागिनी पाल, कु.रागनी सेन, कु.गुंजन यादव, कु. समीक्षा राठौर एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### उदयपुर गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश

**गंजबासौदा।** गत दिवस उदयपुर में एसबीआई फाउंडेशन संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना था। स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। इसके बाद बच्चों और ग्रामीणों ने मिलकर स्वच्छता रैली निकाली और श्रमदान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता शपथ ली। गांव में सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़ कपड़े का थैला इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के अधिकारों पर भी चर्चा की गई, जिसमें शिक्षा, जीवन, सहभागिता और सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्रमुख रूप से उठाया गया। गाँव को प्लास्टिक-मुक्त बनाने के उद्देश्य से एक प्रेरक वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विदिशा जिले के एसबीआई बैंक के **LDM**, सरस्वती विद्या ज्ञान विद्यालय के शिक्षक, संस्थान की टीम और स्वयंसेवक भी शामिल हुए। कार्यक्रम में बीएस बघेल एसबीआई **LDM**, बुलबुल मौर्य, डॉ. सचिन अग्रवाल, प्रिया वंशकार, सिमरन, सलोनी, राहुल, प्रद्युम्न पंथी, गौरी शंकर, अमित शर्मा, सुमित शर्मा, सताराम, अभिषेक शर्मा रणजीत मीणा उपस्थित रहे।

### महर्षि भृगु संस्कृत उमावि द्वारा कार्यक्रम किया गया आयोजित

# संस्कृत विद्यालय संचालन में सहयोगियों का किया गया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस नवीन कृषि मंडी के पास महर्षि भृगु संस्कृत विद्यालय में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम भगवान का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ विद्यालय के आचार्य एवं छात्रों द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के सदस्य राजेश तिवारी, कार्यक्रम के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास, विशेष अतिथि वीरेंद्र जैन किराना व्यापार संघ अध्यक्ष, विशेष अतिथि भागीरथ प्रसाद शास्त्री ज्योतिष मर्मज्ञ, विशेष अतिथि सुरेश तनवानी हार्डवेयर एसोसिएशन संघ अध्यक्ष आदि मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के सहयोगियों द्वारा किया गया।

राजेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी हिंदू संस्कृति को जीवित रखने का कार्य हमारे और अर्चक पुरोहितों द्वारा प्राचीन समय से किया जा रहा है। 16 संस्कारों को प्रदान करने का एवं धार्मिक भावनाओं को बढ़ाने के लिए पूजन अर्चन द्वारा आज भी अर्चक पुरोहितों द्वारा किया जा रहा है। इसलिए यह सम्माननीय सनातन धर्म को चलाने में संस्कृत का भी विशेष योगदान हमारे सभी धर्म ग्रंथ पूजा अर्चना करने के लिए संस्कृत में ही वाचन किया जाता इसलिए संस्कृत पढ़ने के लिए संस्कृत विद्यालय की आवश्यकता पर गंजबासौदा में सर्वप्रथम महर्षि भृगु संस्कृत विद्यालय 2005 में स्थापित किया गया। जिसका मैं प्रत्यक्ष साक्षी हूं। यह विद्यालय जगह न होने के कारण कई मंदिर धर्मशाला में संचालित रहा। शास्त्री जी द्वारा प्रयास करने पर चलते-चलते आज न्यू कृषि मंडी के पास स्थाई रूप से स्थापित है। जहां ब्राह्मण बालक आवासीय रूप से गुरु परंपरा अनुसार साहित्य कर्मकांड वेद व्याकरण हिंदी अंग्रेजी यदि का ज्ञान प्राप्त कर रहे थे। आज भी विद्यालय की दयनीय स्थिति है इसलिए हम सभी को विद्यालय का सहयोग तन मन धन से करना चाहिए। ऐसी भावना को रखते हुए गंज बासौदा किराना व्यापार संघ एवं किराना व्यापार के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन द्वारा महर्षि भृगु संस्कृत विद्यालय में सहयोग के लिए खाद्य सामग्री एवं 21000 रुपए सभी के समक्ष प्रदान किए गए। इसके अलावा देवेंद्र भार्गव द्वारा 2100 रुपए, सीताराम रघुवंशी द्वारा 1100 रुपए एवं एक कुंटल अन्नदान दिया गया। वहीं किराना व्यापार संघ ने आवासीय विद्यालय में रह रहे बालकों के लिए भी प्रतिवर्ष खाद्य सामग्री सहयोग स्वरूप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। तिवारी द्वारा विद्यालय के आवासीय छात्रों की वार्षिक परीक्षा शुल्क प्रतिवर्ष प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में देवेंद्र भार्गव ने कहा हमारे धर्म संस्कृति की धरोहर संस्कृत विद्यालय हैं यह संस्कृत विद्यालय से महाविद्यालय बनेगा ऐसी मेरी कामना है। भागीरथ शास्त्री जी ने कहा संस्कृत विद्यालय को शासन द्वारा पूर्ण सहयोग करना चाहिए। सुरेश तनवानी ने कहा हम लोग सनातनी हैं। इसलिए संस्कृत संस्कृति को सहयोग करना चाहिए। मुन्नालाल शास्त्री ने कहा वर्तमान में हमारे विद्यालय में 75 छात्रों अध्ययन कर रहे थे जिसमें आवासीय ब्राह्मण बालकों को पूर्ण सुविधा प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में सभी सहयोगियों का सम्मान राम नाम की पट्टिका द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य अभिषेक दुबे द्वारा किया गया।

## बाल मित्र ग्रामों में बाल सरपंच कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



बाल दिवस के अवसर पर सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन (SMGC) द्वारा देशभर के 133 बाल मित्र ग्रामों में "बाल सरपंच एक दिन का ग्राम सरपंच" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय प्रक्रिया की समझ और लोकतांत्रिक सहभागिता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के तहत बाल पंचायतों के चुने हुए बाल सरपंचों को एक दिन के लिए वास्तविक ग्राम सरपंच की जिम्मेदारी सौंपी गई। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ पंचायत की अध्यक्षता की, गांव की समस्याओं पर चर्चा की और समाधान के सुझाव प्रस्तुत किए। ग्राम सरपंचों ने औपचारिक अनुमति देकर बच्चों को नेतृत्व का अवसर दिया। इसके बाद बाल सरपंचों ने स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, सार्वजनिक स्थानों और अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा, शिक्षा, स्वच्छता, पानी, शौचालय, महिलाओं की सुरक्षा, नशा मुक्ति और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर चिंतन किया। पंचायत भवन में आयोजित बैठकों में इन मुद्दों पर समुदाय व जनप्रतिनिधियों के साथ सामूहिक चर्चा की गई। विकासखंड के औरंगपुर, जाफराबाद पिपरिया, मूडरी, सतपाड़ा कलां, बारौद, बंजारिया एवं बघरू ग्रामों में यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। ग्राम सरपंच, पंचायत सदस्य, महिला एवं युवा मंडल, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने इस आयोजन में भागीदारी कर बच्चों के नेतृत्व को सराहा। यह पहल बच्चों को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि अपने समुदाय के सशक्त परिवर्तनकर्ता के रूप में उभरने का अवसर प्रदान करती है, जो सही मंच मिलने पर सकारात्मक सामाजिक बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर बाल मित्र ग्रामों के बच्चे, ग्रामीण और सरपंच, उप सरपंच, सचिव, जीआरएस आदि मौजूद रहे।

### बाल दिवस पर बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी की गई आयोजित

# विद्यार्थियों की चित्रकारी आर्ट गैलेरी में पेश






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

स्थानीय निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस अर्थात बालदिवस के उपलक्ष्य में बाल मेला एवं भव्य विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन के साथ ही विद्यार्थियो की चित्रकला को प्रदर्शित करते हुये आर्ट गैलरी का प्रदर्शन किया गया।

में मुख्य अतिथित के रूप में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती भावना दांगी एवं विषेष अतिथि के रूप में विकासखण्ड षिक्षा अधिकारी जितेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में शासकीय आईटीआई कॉलेज के अधीक्षक रूपक मिश्रा उपस्थित रहे। इस मौके पर अतिर्थियों द्वारा रिबन काट कर मेला, विज्ञान एवं कला प्रदर्षनी का विधिवत शुभारंभ किया गया।

#### विद्यार्थियों ने बनाए वर्किंग एवं स्टिल मॉडल

विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत विद्यार्थियों के द्वारा अपनी वैज्ञानिक क्षमता को प्रदर्शित करते हुये विभिन्न प्रकार के वर्किंग (गतिशील) मॉडल के अंतर्गत चन्द्रयान, सौरमंडल, सेटेलाईट, के साथ-साथ अन्य विभिन्न प्रकार के मॉडल के साथ-साथ मार्डन गांव के मॉडल तैयार किये गये।

आर्ट गैलरी में बच्चों के द्वारा बनाई गई विभिन्न प्रकार की चित्रकारी एवं दस्तकारी को प्रदर्षित किया गया जिसे अतिर्थियों के द्वारा खूब सराहा गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं षिक्षकों ने दी रंगारंग प्रस्तुति दी। बाल मेले के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं षिक्षकों ने लाईव ऑर्केस्टा में सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को जमा दिया। वहीं छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्यों की प्रस्तुति दी।

#### काव्या साहू को मिला पहल इनाम

*मेले का मुख्य आकर्षण रहे भूत बंगला के टिकिट पर आकर्षक बम्पर प्राईज का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्रा काव्या साहू को प्रथम पुरस्कार के रूप में साईकिल, वहीं छात्रा अलीना खान को द्वितीय पुरस्कार के रूप में मिक्सर ग्राइंडर तथा तृतीय पुरस्कार जरीन खान को ट्रॉली बेग के रूप में मिला। प्रथम पुरस्कार के आयोजक सोनी ड्रेसेस संचालक संजय सोनी, द्वितीय पुरस्कार के आयोजक कल्पना-संदीप शर्मा, शर्मा इंटरप्राईजेज तथा तृतीय पुरस्कार के आयोजक विद्यार्थी बुक स्टोर के संचालक प्रिंस जैन थे। विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी एवं प्राचार्य सिस्टर टेंसी के द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय विद्यार्थियों,अभिभावकों एवं शिक्षकों को दिया।*

### स्कूटी से बीना स्टेशन जा रही थी मोनिका, बिहार में थी परीक्षा

# सड़क हासदे में नपा अध्यक्ष की 26 वर्षीय पुत्री का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शुक्रवार को ग्राम घटवार के समीप सड़क हासदे में नगर पालिका अध्यक्ष मन मोहन साहू की 26 वर्षी पुत्री मोनिका साहू का निधन हो गया। नपाध्यक्ष श्री साहू के पुत्र रौनक साहू अपनी बहन को स्कूटी से बीना स्टेषन छोडने के लिए जा रहें तभी अचानक ग्राम घटवार के समीप रास्ते में दुर्घटना में दोनों बहन-भाई घायल हो गए।

मौके पर मौजूद लोगो ने उन्हें घायल अवस्था में लिंक रोड स्थित प्रायवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सिर में चोट के कारण मोनिका साहू को गंभीर अवस्था में भोपाल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार नपाध्यक्ष श्री साहू बेटी को एम्बुलेंस से लेकर तुरन्त भोपाल रवाना हो गए लेकिन रास्ते में ही



उसका निधन हो गया। रौनक और मोनिका स्कूटी से बीना के लिए रवाना हुए थे। मोनिका को बिहार में होने वाली किसी परीक्षा में शामिल होना था। वे ट्रेन से वहां जाने वाली थी। इसके लिए वे दोनों दोपहर में स्कूटी से बीना स्टेशन जा रहे थे। मोनिका के निधन की जानकारी लगते ही शहर के शोक व्याप्त हो गया। वही सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एंव आईजा के प्रदेष अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कु मोनिका साहू के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू की 26 वर्षीय सुपुत्री कु. मोनिका साहू के निधन का अत्यंत हृदय विदारक दुखद का समाचार प्राप्त हुआ। मोनिका बिटिया परीक्षा हेतु बीना से ट्रेन द्वारा बिहार जा रही थीं, परंतु ईश्वर को शायद कुछ और ही मंजूर था। सिरोंज से निकलते ही घटवार के आगे हुए मोटरसाइकिल दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं और भोपाल ले जाते समय उनका दुखद निधन हो गया। जिससे एक पिता का सपना बिखर गया और एक युवा जीवन समय से पहले चिरनिद्रा में विलीन हो गया। वही उन्होने भगवान से परिवारजनों को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती हुई आयोजित



**सिरोंज।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। भगवान बिरसा मुण्डा की 150 जयंती के समापन वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष मे महाविद्यालय में 1 नवंबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जनजातीय महानायक भगवान बिरसा मुण्डा के योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर डॉक्टर कल्पना पंचोली ने जननायक भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अंग्रेजों तथा जमींदारी प्रथा के विरुद्ध उनके योगदान को स्मरण किया। वही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रोफ़ेसर संघ प्रिय गौतम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर वीरेंद्र सेन, प्रोफेसर बीएल टाडेकर, डॉक्टर आनंद यादव, लखन यादव, शिवचरण पंथी, चंद्रप्रकाश सेन एवं दातारी का विशेष योगदान रहा।



## ग्रामीण विद्यार्थियों ने आनंदपुर ट्रस्ट संत श्री परमहंस की समाधि के किए दर्शन एवं चंदेरी के ऐतिहासिक महत्व को जाना

**सिरोंज।** ग्राम पंचायत पथरिया में संचालित सनराइज कान्वेंट स्कूल सियलपुर के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ का एक दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए आनंदपुर एवं चंदेरी के लिए प्रबंधक इंसाफ खान द्वारा हरी झंडी दिखा कर यात्रा की शुरुआत की। जिसमें आनंदपुर ट्रस्ट की व्यवस्थाओं को एवं मंदिर में बनी हुई सिंधी समुदाय संतों की समाधि के दर्शन किये तथा शिमला घाटी उद्यान एवं क्षेत्रीय उद्यानों का भ्रमण कर चंदेरी स्थित किला,संग्रहालय,बादल महल,हवा महल एवं चंदेरी साड़ी सिल्क उद्योग एवं राजघाट स्थित बिजली उत्पादन संयंत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण में चंदेरी के रोचक एवं ऐतिहासिक महत्व को जाना। प्राचार्य नीलेश प्रजापति ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को इतिहास से जोड़ने एवं उनके ज्ञान में वृद्धि और आनंद अनुभूति चरित्र निर्माण में सहायक कराना है।

## भोपाल में राज्य गौरव सम्मान से सम्मानित हुए डॉ ए.के जैन



**सिरोंज।** विगत कई वर्षो से समाजसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों में अपनी निरंतर सक्रियता भाग्यादारी का निर्वहन समर्पण से करने वाले मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं जांच आयोग के सदस्य तथा रक्षक फाउंडेशन भारत के संरक्षक सदस्य सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर ए के जैन को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में राज्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन प्रतिमा बागड़ी एवं नगर निगम भोपाल अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी एवं आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर बी के यादव द्वारा सम्मान पत्र स्मृति चिन्ह मेडल शॉल श्रीफल से गरिमा पूर्ण सम्मान किया और उनके कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने डॉ ए के जैन को बधाई दी।




## एमपीपीएससी में चयन होने पर झलकन अहिरवार का डीबग क्लासेस ने फूलमाला पहनाकर किया भव्य स्वागत, दी बधाइयां

**सिरोंज।** एक छोटे से गांव हारूखेडी में रहने वाले झलकन अहिरवार एमपीपीएससी में चयन हुआ। एक सामान्य वर्ग परिवार से आते हुए और जिस परिवार के किसी सदस्य ने ग्रेजऐषन की पढाई भी न की हो। उसी परिवार के बेटे झलकन अहिरवार का चयन एमपीपीएससी में होना बडें गर्व की बात है। वही हरिभूमि से चर्चा में झलकन अहिरवार ने कहा कि जब मैने एमपीपीएससी पढाई करने के बारे में सोचा और जब मैने परीक्षा की तैयारी प्रारंभ की तो मेरे परिवार का भी मुझे पूरा सहयोग मिला। मेरी यह पूरी यात्रा प्रमुख रूप से 2019 में शुरू हुई जब मैने परीक्षा पूर्व प्रषिक्षण भोपाल में प्रवेष लिया और अपने पहले ही प्रयास में ही इंटरव्यू तक पहुचा। कोविड व परीक्षा में उतार-चढाव से हताष न होते हुए मैने अपनी परीक्षा की तैयारी जारी रखी। जब 2020 में प्री क्लीयर नही हुआ तब भी मैने हार नही मानी और 2021 में फिर इंटरव्यू तक पहुंचा लेकिन परिणाम वही असफलता। 2022 में फिर में परीक्षा की तैयारी में जुट गया। लेकिन पारिवारिक व स्वास्थ्य समस्याओं के चलते मेंस क्लीयर नही हुआ।

# बाल दिवस पर पूजा पब्लिक स्कूल में बाल सृजन मेला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था पूजा पब्लिक उ.मा. विद्यालय में बाल दिवस पर बाल सृजन मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी एवं विशेष अतिथि के रूप में केके वाणी प्राचार्य शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय एवं पूर्व पार्षद सीएल पटेल एवं गुरु कोचिंग के संचालक निलेश धाकड़ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात अतिथियों को सम्मानित किया।

बाल सृजन मेले में विद्यालय के नोनिहालों द्वारा वैष्णों देवी माता जी का मंदिर, नर्मदा परिक्रमा, ज्वालामुखी, बारना डैम, डे नाईट वर्किंग, चंद्रयान, वॉटर पुरीफिकेशन हांटेड हाउस, मानव संग्रहालय, भोजपुर मंदिर, केदारनाथ जी का मंदिर, भूल भुलैया, ट्रैफिक लाइट्स, मींस ऑफ़ ट्रांसपोर्ट, सोलर पैनल, चलो गांव की ओर, वॉटरफॉल, चिडियाघर, पार्क, कुरुक्षेत्र , वाटर हार्वेस्टिंग, विज्ञान प्रदर्शनी, तारा मंडल और साथ में खाना खजाना की दुकानें लगी और प्रदर्शन किया विद्यालय में पधारे अतिथिगणों द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया और उनके इस रचनात्मक प्रयास को बहुत ही सराहा गया। विद्यालय के शिक्षक गणों की भी बहुत प्रशंसा की गई। विद्यालय की संचालक प्राचार्य नीता धाकड़ द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### सागर शहर कांग्रेस का बीएलए प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी क अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार एस आई आर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जिसमे मतदाताओं के नाम जोड़ने अलग करने और परीक्षण हेतु प्रशिक्षण देने पधारे प्रशिक्षक स्पेंशर लाल ने सागर विधानसभा के समस्त कांग्रेस बी एल ए को क्रमिक रूप से जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम एम एस गार्डन में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षक स्पेशर लाल एवं महेश जाटव ने प्रशिक्षण आरंभ किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि साथियों समय कम है हम सभी बीएलओ को संविधान बचाने और अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए मताधिकार सबसे बड़ा अधिकार अपना मत है। इसकी रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक का नाम वोटर सूची में होना नितांत आवश्यक है। निर्वाचन प्रभारी अमित दुबे राम ने कहा कि इसका उद्देश्य आम जनता के अधिकारों की रक्षा कर उससे उसका हक दिलाना है।

# डॉ प्रतिभा तिवारी को भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की अध्यक्ष मनोनीत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

डॉ प्रतिभा तिवारी को भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की अध्यक्ष मनोनीत किया गया है जो महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान का सम्मान है।

यह नियुक्ति इंदौर में आयोजित प्रांतीय बैठक में संगठन की राष्ट्रीय सचिव किरण शर्मा द्वारा की गई। जिसमें प्रदेश मंत्री सुश्री वीणा पेठणनकर भी उपस्थित थीं।

यह पद उन्हें महिला सशक्तीकरण के लिए किए गए सतत प्रयासों, सहयोग और समाज हित में कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। वे पूर्व में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थीं और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं। उन्होंने महिला सुरक्षा, शिक्षा, और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर कई संगोष्ठियों और कार्यक्रमों का नेतृत्व किया। संगठन और समाज की ओर से इस नियुक्ति को मध्यप्रदेश की समस्त स्त्री शक्ति के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है। संगठन के सदस्यों और समाज के विभिन्न वर्गों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# बाल दिवसः पीएमश्री कन्या स्कूल की छात्राओं ने निकाली रैली

### स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। छात्राओं ने बैनर तथा तख्तियों के साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता के लिए नगर में रैली निकाली गई।

छात्राओं की रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो बड़ा बाजार, छोटा बाजार होते हुए स्कूल प्रांगण में समापन हुआ।

रैली के माध्यम से छात्राओं द्वारा नगर निवासियों को स्वच्छता साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली में प्राचार्य यूएस अहिरवार सहित शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।



### आसमान पर पहुंचे हरी सब्जियों के भाव थाली से हो रही गायब

# लगातार जोरदार ठंड का असर हरी सब्जियों का उत्पादन कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

जिस प्रकार पिछले 10-12 दिनों से 24 घंटे जोरदार ठंड का माहौल बना हुआ है। तापमान में गिरावट रात और सुबह जोरदार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उसके असर से लोकल में हरी सब्जियों का उत्पादन कम होने मंडी में अन्य स्थानों से सब्जियां आने से हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं।

#### बढ़े दाम से मध्यम वर्ग परेशान

सामान्य हरी सब्जियां जो पिछले सप्ताह 20 से 40 रुपए के भाव बिक रही थी आवक कम होने से भाव 80 से 100 रुपए किलो हो गए हैं। भिंडी 100 रुपए किलो, गिलकी 80 रुपए किलो, टमाटर 50 रुपए किलो, मुनगा की फली 200 रू किलो, मेथी-पालक की भाजी 60-70 रुपए किलो, मटर फली 200 रुपए किलो, बैगन-लौकी, हरी मिर्च 40-50 रुपए किलो, शिमला मिर्च 60-70 रुपए किलो के भाव हो गई है। गनीमत है कि आलू और प्याज के भाव 20 से 25 रुपए किलो क्वालिटी के अनुसार बने हुए हैं मंडी में नई प्याज की आवक हो रही है।

#### गरीब वर्ग सब्जियां खरीदने में खींच रहे हाथ



#### दामों में आया उछाल

मौसम के असर से जिस प्रकार सब्जियों का उत्पादन कम हुआ और बाहर से सब्जियां आने के कारण एकाएक भाव में उछाल और 2 गुना तक भाव हो जाने के असर से गरीब मध्यम वर्ग महंगी सब्जियां खरीदने में हाथ खींच रहे हैं। परिवारों में क्या बनाएं क्या खिलाए की महिलाओं के सामने समस्या बन रही है सब्जी के थोक फुटकर विक्रेताओं का कहना है कि जब तक सब्जियों का लोकल उत्पादन अधिक नहीं होगा बाहर से आने वाली सब्जियों के भाव अधिक ही बने रहने की संभावना है। ठंड के मौसम में सब्जियों का उत्पादन अधिक होता है और भाव भी कम रहते हैं, परंतु लगातार जोरदार कड़ाके की ठंड से विभिन्न सब्जियों के फूलों फलों का नुकसान हो जाने से उत्पादन कम हो रहा है।

# वात्सल्य कॉन्वेंट स्कूल के बाल दिवस कार्यक्रमों में दिखी देशभक्ति की झलक

### बच्चों ने महापुरुषों और सेना के जवानों का रूप धारण कर दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था वात्सल्य कॉन्वेंट हाई सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दीं।



बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस आदि महानायकों का रूप धारण कर मंच पर प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ ही कई बच्चों ने भारतीय सेना की ड्रेस पहनकर सैनिकों के साहस, अनुशासन और देश सेवा के भाव को प्रदर्शित किया, जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

#### बच्चों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर विस्तृत दी गई जानकारी

स्कूल की संचालिका रागिनी नामदेव ने बच्चों को समझाया कि बाल दिवस क्यों मनाया जाता है, पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम तथा बच्चों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहभोज कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाएँ विद्यालय के व्यवस्थापक वैभव शर्मा द्वारा सुव्यवस्थित तरीके से की गईं।

## खबर संक्षेप

### अभाविप ने मनाया जनजाति गौरव दिवस



**बाड़ी।** अभाविप जिला रायसेन इकाई बाडी द्वारा जनजाति गौरव दिवस, भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आदिवासी बालक एवं बालिका आश्रम बाड़ी में युवा सगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से शरद साहू जिला प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आदिवासी आश्रम बाड़ी के अध्यक्ष बरकरे, प्रधानाध्यापक रामकुमार ठाकुर, प्रधानाध्यापिका बिन्दा वैष्णव एवं समस्त स्टाफ और विद्यार्थी परिषद के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हैं।

### पीएमश्री स्कूल सेमरा में लगा बाल दिवस मेला



**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल सेमरा में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मेला का आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए, जिनमें समोसा, पोहा, चाट, मिठाइयाँ, जूस एवं अन्य व्यंजनों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह, आनंद और उमंग के साथ इस विशेष दिन को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री की स्मृति में मनाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए बाल दिवस का महत्व बताया और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों द्वार छात्र-छात्राओं को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं गई। शिक्षकों द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई कर, जीवन मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। आगे कहा कि आज हमारे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन भी है। पीएम नेहरू जी एक महान लेखक होने के साथ एक इतिहासकार भी थे, जिन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सांसद खेल महोत्सव के तहत हुईं प्रतियोगिताएं

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत शाहपुर के भारतीपुर पंचायत प्रांगण में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया। खेल प्रतियोगिता के दौरान चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ और रस्साकशी में ग्रामीणों, विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चम्मच दौड़ में प्रथम स्थान रबीना धानक ,द्वितीय पप्पी बाई ने प्राप्त किया। वही कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान अंजू धानक द्वितीय स्थान मधुलता बाई ,तृतीय स्थान तुलसा बाई ने प्राप्त किया। रस्सा कसी में प्रथम व द्वितीय स्थान वाले प्रतिभागी को सम्मानित किया।

## द्वापर युग का सजीव अनुभव शूटिंग देखने लगी ग्रामीणों की भीड़

# 1000 फीट ऊंची ऐतिहासिक जामगढ़ की गुफा में भगवान श्रीकृष्ण और जामवंत युद्ध की हुई शॉर्ट फिल्म की शूटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

तहसील के ऐतिहासिक ग्राम जामगढ़ में जामवंत की प्राकृतिक गुफा में द्वापर युग के दौरान स्मंतकमणि के लिए श्री कृष्ण जामवंत के बीच युद्ध हुआ था। जमीन से लगभग 1000 फीट ऊपर ऐतिहासिक प्राकृतिक गुफा में खजुराहो इंटरनेशनल फेस्टिवल के लिए शॉर्ट फिल्म की शूटिंग देखने ग्रामीणों की भीड़ लगी रही फिल्म की शूटिंग के दौरान श्री कृष्ण एवं जामवंत के बीच चले 27 दिनों के युद्ध दृश्य का फिल्मांकन किया गया।



**यथार्थ प्रस्तुति बड़ी चुनौती-** फिल्म का निर्देशन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल मध्य प्रदेश प्रभारी सुनील सोन्हिया ने किया सोन्हिया ने कहा कि धार्मिक ऐतिहासिक फिल्मों में शोध और सटीक प्रस्तुति सबसे बड़ी चुनौती होती है पहाड़ी पर बिना सेट द्वापर काल की कथा को जीवंत करना अद्भुत रहा मुख्य कलाकारों में गाडरवारा के मनीष कोरी और उनकी टीम ने जामवंत श्री कृष्ण जामवंती के पात्र निभाए गए सोन्हिया ने कहा कि फिल्म के माध्यम से दर्शकों को धार्मिक ऐतिहासिक कथाओं से शिक्षा जानकारी और मनोरंजन करना है यह शॉर्ट फिल्म खजुराहो फेस्टिवल में 15 से 22 दिसंबर तक प्रदर्शित होगी

### जामगढ़ को कहा जाता है श्रीकृष्ण की ससुराल

तहसील के विंध्याचल पर्वत की तलहटी में बसे ग्राम जामगढ़ भगदेही में अनेक शताब्दियों पुरानी ऐतिहासिक स्थल मंदिर गुफा तालाब पत्थरों पर पद चिन्ह अबूझ भाषा के बीजक हैं जामवंत की गुफा प्राकृतिक है। जिसकी लंबाई 1500 मीटर तक बताई जाती है। भगदेही में खजुराहो शैली का सदियों पुराना मंदिर है तीन तालाब है एक तालाब के किनारे पत्थर पर पद चिन्ह है पास ही बीजक है भगदेही में कामाख्या देवी का प्राचीन मठ है यह स्थान आदि मानव का निवास स्थल रहा और लाखों वर्ष पुराना माना जाता है जामवंत श्री कृष्ण के बीच युद्ध के बाद जामवंत ने अपनी पुत्री जामवंती का श्री कृष्ण से विवाह करने के कारण जामगढ़ को श्री कृष्ण की ससुराल भी कहा जाता है।

## महिला बाल विकास नहीं दे रहा ध्यान, ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं प्रभावित

# महिलाओं में खून की कमी, हर 10 में से 6 महिलाएं एनीमिक

- गर्भवती महिलाएं, किशोरियां सबसे ज्यादा प्रभावित, आंगनबाड़ियों में नहीं है दवाइयां
- महिला बाल विकास विभाग नहीं कर पा रहा खून बढ़ाने वाली दवाइयों की पूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की महिलाओं में खून की कमी एनीमिया की समस्या लगातार बढती जा रही है। जिला स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक जिले की 60 फीसदी महिलाएं खून की कमी समस्या से जूझ रही हैं। यह स्थिति गर्भवती महिलाओं और किशोरियों और भी गंभीर बनीं हुई है।

आलम यह है कि ग्रामीण इलाकों में जागरूकता की कमी और पोषण आहार की अनुपलब्धता मुख्य वजह है। जिले में सांची, गौहरगंज, बाड़ी सिलवानी, सुल्तानपुर आदि क्षेत्र लगाए गए एनीमिया जांच शिविरों से आए ताजा आंकड़े ज्यादा चौकाने वाले सामने आए हैं। महिलाओं की शिविरों में हुई स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान खून में हीमोग्लोबिन की मात्रा कई महिलाओं में कमी मिली।

महिला रोग विशेषज्ञ डॉ प्रीतीबाला सोनकर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं में लगातार गर्भधारण, खून की जांच में कमी और असंतुलित आहार एनीमिया जैसी समस्या को बढ़ावा दे रहे हैं। इधर आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती कृष्णा ठाकुर सहित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि महिलाएं अक्सर कमजोरी, सिर घूमना,सांस फूलने जैसी शिकायतें लेकर आती हैं जो खून की कमी के शुरुआती लक्षण होते हैं।

**दवाइयों की कमी ने बढ़ा दी परेशानी**

जिला महिला एवं बाल विकास की टीमों ने माना कि जिले की कई आंगनबाड़ियों में कुछ हफ्तों से फोलिक एसिड गोलियां उपलब्ध नहीं हैं। इस वजह से गर्भवती महिलाओं और किशोरियों का दवा कोर्स अधूरा रह गया। ओबेदुल्लागंज और बाड़ी सहित सिलवानी ब्लॉक में पर्यवेक्षकों ने बताया कि नई खेप आने के बाद गोलियों का अधूरा कोर्स पूरा किया जाएगा।

### ये उपाय अपनाएं

- सर्दी के मौसम में खून की कमी के लक्षण और बढ़ जाते हैं।
- महिलाओं को रोज़ाना आयरन की गोली लेनी चाहिए।
- हरी सब्जियां, गुड़, दालें और मौसमी फल, सलाद अपने भोजन में शामिल करने चाहिए।
- गर्भवती महिलाओं को बिना जांच के कोई भी दवा नहीं छोडनी चाहिए।

### महिलाओं में एनीमिया की कमी एक नजर में

- **जिला स्वास्थ्य समिति की रिपोर्ट:** 58 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिक।
- **जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की रिपोर्ट:** 63 प्रतिशत किशोरियों (11 से 19 वर्ष) में खून की कमी।
- **एनएफएचएस सर्वे:** 54 प्रतिशत महिलाओं का हीमोग्लोबिन काफी कम।



### मुफ्त पोषण आहार फिर भी क्यों बढ़ रहा एनीमिया

शासन प्रशासन द्वारा अपनी योजनाओं के जरिए मुफ्त राशन, पोषण आहार, दवाएं और इलाज तक मुफ्त दिया जा रहा है। बावजूद इसके पोषण आहार की कमी से महिलाएं खून की कमी से पीड़ित हो रही हैं। आयरन, कैल्शियम की दवाएं पूरे जिले की महिलाओं व किशोरियों के लिए उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है। लेकिन परिणाम विपरीत हैं। ऐसे में कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या, दवाएं असरकारक नहीं है ? क्या दवाओं का वितरण ठीक ढंग से नहीं हो रहा है ? पोषण आहार बांटा जा रहा है ? खैर रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन को मंथन करना जरूरी है। ताकि खून की कमी की बीमारी जल्द ठीक हो सके। हाल ही जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा एनीमिया से जंग लड़ने पर मीडियाकर्मियों से चर्चा करने की बात कही है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा कहा एनीमिया से निपटने मिलजुलकर ही प्रयास से लड़ी जा सकती है। इसके लिए नई रणनीति के तहत कार्य योजना से काम करने की जरूरत बताई।

### क्या कहती है जांच रिपोर्ट

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से लेकर अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य परीक्षणों में गर्भवती महिलाओं 58 प्रतिशत और किशोरियों में 63 प्रतिशत और आयु वर्गों की महिलाओं में 54 फीसदी हीमोग्लोबिन की कमी है। सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे सहित जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सोमन दास ने बताया कि महिलाओं को नियमित आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट दी जा रही हैं। साथ ही दिसंबर महीने से जिले में एनीमिया मुक्त अभियान की शुरुआत की जाएगी।

### इनका कहना है

महिलाओं में खून की कमी के कई कारण है। हालांकि इस समस्या को दूर किया जा सकता है, लेकिन इसमें महिलाएं, किशोरियां लापरवाही बरतती हैं, जो गलत है। खासतौर से गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, कैल्शियम आयरन की खुराक लेना जरूरी है।

**- सुनीता अतुलकर,** स्त्री रोग विशेषज्ञ।

### तापमान में गिरावट बर्फबारी से जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मौसम में तापमान के गिरावट उत्तर भारत में पहाड़ी क्षेत्र में हो रही बर्फबारी से कड़ाके की ठंड का असर लोगों बच्चों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। इसीलिए जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ भी बढ़ने लगी है। अगर बच्चों में पानी जैसे दस्त, उल्टी, पेट में ऐंठन, हल्का बुखार, भूख न लगना, सर्दी या खांसी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इसे विंटर डायरिया का संकेत समझें और तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। चाइल्ड रोग विशेषज्ञों आलोक राय के अनुसार ओआरएस, तरल पदार्थ और डिहाइड्रेशन रोकने के उपायों से अधिकांश मामलों में बच्चों को राहत मिल सकती है।

विशेषज्ञों के अनुसार इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बच्चों को हमेशा उबला या साफ पानी पिलाएं। ठंड में खुले में खेलने से बचाएं और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। हल्का, सुपाच्य भोजन दें और किसी भी लक्षण की स्थिति में अस्पताल पहुंचने में देरी न करें। तापमान में आई गिरावट से विंटर डायरिया के मरीज बढ़ रहे हैं।

## मोदी के नेतृत्व में जनजातियों का गौरव पुनः स्थापित हो रहा है : मीणा

### जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में हुए सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती समापन वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को शहर के चिड़िया टोल वन परिसर में आयोजित जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, नपा अध्यक्ष सविता जमना सेन, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एसडीएम मनीष शर्मा द्वारा कन्या पूजन और भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सांची जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पोर्ते प्रदीप दीक्षित भी उपस्थित रहे।




इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के कल्याण और विकास के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 5 साल पहले जनजातीय नायकों को सम्मान देने की परंपरा की शुरुआत की गई।

## ग्राम पंचायत अंबाड़ी में घर-घर से कचरा संग्रहण हुआ प्रारंभ, गली-गली में पहुंच रही कचरा गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अंबाड़ी में एक सप्ताह से कचरा गाड़ी गांव की गली-गली में पहुंचकर लोगों के घर-घर से कचरा उठा रही है। सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है।

पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए घर-घर कचरा संग्रहण अभियान शुरू किया गया है। अब रोज़ सुबह निर्धारित समय पर कचरा उठाने वाली गाड़ी मोहल्लों और गलियों में पहुंच रही है। सफाई कर्मी प्रत्येक घर से कचरा इकट्ठा कर पंचायत द्वारा संचालित डंपिंग स्थल तक पहुंचा रहे हैं। गाड़ी के नियमित रूप से आने से ग्रामीणों को कचरा निस्तारण में बड़ी सुविधा मिल रही है। पहले कचरा खुले में फेंकने की समस्या रहती थी, जिससे गंदगी और बदबू फैलती थी। लेकिन अब घर-घर कलेक्शन से स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होने लगा है।



पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार यह व्यवस्था गांव को स्वच्छ और रोगमुक्त रखने के लिए शुरू की गई है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे कचरे को अलग-अलग यानी गीला और सूखा करके ही गाड़ी में दें, ताकि आगे उसका सही निपटान किया जा सके।

मोनू साहू, आनंद सेन, अरुण सेन, पूरन साहू, महेश जैन, संजय साहू, वीरेंद्र साहू सहित ग्रामीणों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि नियमित कचरा संग्रहण से गांव की साफ-सफाई में बड़ा बदलाव दिखने लगा है।

अंबाड़ी सरपंच कुंती रमेश कुमार अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि गाड़ी एक सप्ताह से लगातार चलाई जा रही है, ताकि कचरा घर-घर से कलेक्शन किया जा सके। ग्राम सभा की बैठक में गाड़ी के मेंटेनेंस, ड्राइवर की सैलरी पर सभी सभी से चर्चा कर प्रस्ताव बनाकर ग्रामीणों से 20 से 30 रुपए प्रति घर से शुल्क लेना प्रारंभ करेंगे, ताकि लंबे समय तक ग्रामीणों को सुविधा मिल सके।

## रंगोली, पोस्टर व अन्य विधाओं में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

### रायसेन जिले के साथ महाविद्यालयों का गौरव बढ़ाया, विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का दिया बेहतरीन परिचय

# सिलवानी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन, हासिल किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के ज्ञान विज्ञान भवन में 12 एवं 13 नवंबर को आयोजित अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 में जिले के विद्यार्थियों ने उम्दा प्रदर्शन कर कई विधाओं में स्थान प्राप्त किया। इस दो दिवसीय भव्य आयोजन में साहित्यिक, रूपांकन एवं सांस्कृतिक, कुल 22 प्रमुख विधाओं के अंतर्गत प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं, जिनमें जिले के महाविद्यालयों के छात्रों ने उत्साह, आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन परिचय दिया।

जिले के शासकीय कॉलेज गैरतगंज की छात्रा संजना सेन ने स्पॉट पेंटिंग चित्रकला में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने उत्कृष्ट कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। उनकी चित्रकला को निर्णायक मंडल ने तकनीक, रंग संयोजन व विषय अभिव्यक्ति के आधार पर सराहनीय बताते हुए सम्मानित किया।



### सिद्धार्थ की रंगोली प्रतियोगिता में रंगोली कला में पारंपरिकता आकर्षक रंग संयोजन की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया

रूपांकन विधाओं में शासकीय महाविद्यालय सिलवानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो विधाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं। महाविद्यालय के छात्र सिद्धार्थ जैन ने रंगोली प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी रंगोली कला में पारंपरिकता, आकर्षक रंग संयोजन और विषय की उत्कृष्ट प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। सिलवानी महाविद्यालय के ही छात्र हर्षित सैनी ने पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी रचनात्मक सोच और सामाजिक संदेश आधारित कला से सबका ध्यान आकर्षित किया।

### टीम के नृत्य में स्थानीय संस्कृति और लोककला की झलक देखने को मिली

सांस्कृतिक विधाओं में भी शासकीय महाविद्यालय सिलवानी की टीम ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। संदीप यादव, यशपाल आदिवासी, आकाश आदिवासी, हर्षित सैनी, संजना कुशवाहा, सुहानी रैकवार, संजना सेन और अनुप्रिया आदिवासी की टीम ने समूह लोक नृत्य में शानदार तालमेल, पारंपरिक संगीत पर लय एवं मंच प्रस्तुतिकरण के दम पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम के नृत्य में स्थानीय संस्कृति और लोककला की झलक देखने को मिली, जिसने दर्शकों व निर्णायकों दोनों का हृदय जीत लिया। इसी क्रम में वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय औबेदुल्लागंज के छात्र दिलीप भंडारी ने क्ले मॉडलिंग में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए अपनी रचनात्मक क्षमता और सूक्ष्म कलात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उनके द्वारा तैयार किए गए मॉडल को निर्णायकों ने अत्यंत सटीक, नवाचारी और आकर्षक बताया।

## भागवत कथा में सुनाया कंस वध का प्रसंग, कथा पंडाल में गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के श्रीराधा किशन मंदिर यादव समाज परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान शनिवार को सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा ने कंस वध की कथा सुनाई। भागवत कथा के मुख्य जजमान श्रीमती प्रभादेवी कालूराम यादव परिवार रायसेन की ओर से आयोजित की जा रही है।



उन्होंने बताया कि कंस के धनुष यज्ञ में श्री बलराम और भगवान कृष्ण पहुंचे।दोनों भाइयों ने मामा कंस के सभी अनुयायियों का वध कर दिया। मल्ल युद्ध के पहलवानों को भी पटक पटक कर मार दिया। इसके बाद भगवान कृष्ण सीधे कंस के सिंहासन तक पहुंच गए। कंस को चारों ओर मृत्यु का आभास होने लगा। बाल कृष्ण ने बाल पकड़कर कंस को जमीन पर पटक दिया। तीनों लोकों का भार लेकर उसकी छाती पर चढ़ गए, जिससे कंस की मृत्यु हो गई।

कंस वध के बाद भगवान कृष्ण ने महाराजा उग्रसेन को उनका राज्य वापस लौटा दिया। भगवान श्री कृष्ण की जय, जय हो नन्दलाल जय कन्हैया लाल के कथा पंडाल में जयकारे चौतरफा गूंज उठे। पंडित शर्मा द्वारा मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जिंदगी में हमेशा मां बाप को कभी भूलना चाहिए। क्योंकि जीवन में उनके द्वारा तमाम त्याग तपस्या समर्पण और योगदान आशीर्वाद प्रेरणा की बदौलत से ही हमारी पीढ़ी सीख कर तरक्की की निरन्तर आगे बढ़ती है।

इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार यादव,टीचर नीतू यादव रीतेश यादव, डॉ हिमांशु यादव राजनन्दनी यादव द्वारा आरती पूजन में हिस्सा लिया।